दिनांक 15 नवंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कलेक्टर अंकित आनंद ने पट्टा के लिए लग रहे शिविर स्थलों का किया निरीक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत पट्टा के लिए लग रहे शिविर का निरीक्षण आज दुर्ग जिले के कलेक्टर अंकित आनंद ने किया! श्री आनंद ने वार्ड 4 राधिका नगर, वार्ड 13 राजीव नगर, वार्ड 14 रामनगर तथा वार्ड 21 बैकुंठ नगर मे पट्टा शिविर का निरीक्षण किया तथा शिविर स्थल पर उपस्थित बहुतायत आवेदकों से भी चर्चा किए व आवेदकों के कुछ शंकाओं का समाधान भी किए! उन्होंने शिविर में आ रहे आवेदनों की जानकारी प्राप्त की एवं प्राप्त आवेदन का अवलोकन भी किया! जिलाधीश ने शिविर में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों से कहा कि शिविर स्थल पर आने वाले आवेदकों को पट्टा से संबंधित शासन से प्राप्त नियमों को भी स्पष्ट रूप से अवगत कराएं!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी